भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाविप्रा द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने 5 जून, 2025 को एविएशन पार्क, राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर, नागर विमानन राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल ने नागर विमानन मंत्रालय और भाविप्रा के अधिकारियों को पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को अपनाने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात, श्री मुरलीधर मोहोल ने एविएशन पार्क में पौधारोपण किया । श्री समीर कुमार सिन्हा, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय; श्री विपिन कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा; श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस); डॉ. शरद कुमार, सदस्य (प्रचालन); श्री पंकज मल्होत्रा, सदस्य (वित्त) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कार्मिकों ने भी पौधारोपण अभियान में भाग लिया।

भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार ने बागवानी विभाग के कार्मिकों का उत्साह बढ़ाया।

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर, "प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ" थीम के साथ, सभी भाविप्रा हवाई अड्डों, क्षेत्रीय मुख्यालयों और अधीनस्थ कार्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। भाविप्रा पर्यावरण नीति के अंतर्गत, भाविप्रा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए अपने सभी हवाई अड्डों पर सार्थक कदम उठा रहा है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: म.प्र. (नि सं) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 07/2025-2026

श्री मुरलीधर मोहोल, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों को शपथ दिलाते हुए

विश्व पर्यावरण दिवस - राजीव गांधी भवन स्थित एविएशन पार्क में वृक्षारोपण अभियान